प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 19.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। आज नई दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक के दौरान श्री मोदी ने एनडीए के सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया। उन्होंने श्री राधाकृष्णन के लम्बे सार्वजनिक जीवन के बारे में बताया। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि श्री राधाकृष्णन ने बिना किसी विवाद के सादगी से जीवन व्यतीत किया है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति के रूप में उनका चयन देश के लिए प्रसन्नता की बात होगी।

0000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि इस वर्ष 3 अक्टूबर को विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। 15 दिन का ये अभियान 18 अक्टूबर तक चलेगा। श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए, श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान के दौरान हजारों वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी गाँवों का दौरा करेंगे और किसानों से बातचीत करके उन्हें खाद्य उत्पादन बढ़ाने की नई तकनीकों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस वर्ष मई में पिछले अभियान के दौरान एक करोड़ 33 लाख से अधिक किसानों के साथ संवाद किया गया था।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापकों के साढे छह हजार पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। ये 17 सितम्बर तक चलेगी। इसके माध्यम से माध्यमिक शिक्षा विभाग में दस विषयों के अध्यापकों के लिए आवेदन किये जा सकेंगे। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता के बताया कि फिलहाल, आयोग की ओर से प्राध्यापक–कोच, सहायक कृषि अभियंता सहित चार अन्य भर्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इस बीच आरपीएससी ने आरएएस परीक्षा, 2023 के तहत आठवें चरण के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। साक्षात्कार 25 अगस्त से 18 सितंबर तक लिये जाएंगे।

0000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं पर हल्की से मध्यम बरसात रिकॉर्ड हुई। सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर पानी बांसवाडा के भूंगडा में बरसा। वहीं बूंदी के नेनवा, प्रतापगढ के पीपलखूंट, उदयपुर के सलूम्बर और बारां के किशनगंज में 5 सेंटीमीटर से ऊपर बरसात दर्ज हुई। टोंक, झुंझुनूं, भीलवाडा, डूंगरपुर, झालावाड़, अजमेर, अलवर, जैसलमेर, बाडमेर, चूरू और जालौर में भी हल्की बरसात हुई। इस बीच आज जयपुर में कुछ इलाकों में हल्की बरसात हुई। विभाग ने आज बीकानेर और जयपुर जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ घंटों के लिए गरज के साथ मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं नागौर, भीलवाडा, अजमेर, दौसा, टोंक और सवाईमाधोपुर सहित 15 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग ने अगले तीन–चार दिन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है।

0000

आज वर्ल्ड फोटोग्राफी डे है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कई स्थानों पर वर्कशॉप रखी गई है, जहां लोगों को फोटोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही नई तकनीकों के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही फोटो वॉक के आयोजन किये जा रहे है। जैसलमेर

में युवा छायाकारों के लिए प्रतियोगिता रखी गई है। फोटोग्राफी को प्रोत्साहित करने के लिए जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 24 अगस्त से प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

इस प्रदर्शनी में 300 से अधिक प्रतिभागियों की 600 तस्वीरें प्रदर्शित की जायेगी। इस दौरान फोटोग्राफ से जुडे विभिन्न विषयों पर टॉक सेशन भी रखे जायेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी।

00000